स्पीड-पोस्ट
SPEED-POST

{भारत के राजपत्र, भाग I, खण्ड (II), में प्रकाशनार्थ}
सं. आई–14011/8/2017–आईपीएस–1(II)

भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 13 OCT 2017 अक्टूबर, 2017

अधिसूचना

राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 9 के उप–विनियम (1) के साथ पठित भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) विनियम, 1954 के विनियम 9 के उप–विनियम (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, त्रिपुरा पुलिस सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को भारतीय पुलिस सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं तथा उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग) विनियम, 1954 के विनियम 5 के उप–विनियम (1) के अन्तर्गत त्रिपुरा संवर्ग प्रदान करते हैं :–

चयन सूची–2016

| क.सं. | अधिकारी का नाम (श्री) | जन्म तिथि |
|---|---|---|
| 1. | शंकर देवनाथ | 02.01.1972 |
| 2. | रति रंजन देवनाथ | 03.03.1971 |
| 3. | कमल चक्रवर्ती | 15.05.1962 |
| 4. | संजय रौय | 23.01.1973 |

2. उपर्युक्त चयन सूची माननीय गुवाहाटी उच्च न्यायालय, अगरतला पीठ में श्री जयन्त चक्रवर्ती एवं अन्य द्वारा दायर रिट याचिका सिविल सं0 189/2011 में पारित अनंतिम आदेश दिनांक 06/05/2011 के आलोक में रिट याचिका के परिणाम के अध्यधीन होगी।

3. उपरोक्त अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) विनियम, 1954, के तहत एक वर्ष के लिये परिवीक्षा पर रहेंगे और भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) विनियम, 1954 के नियम 5 (4) में संशोधन दिनांक 10.05.2011 के तहत अधिकारियों को इंडक्शन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा ।

4. यह नियुक्तियाँ अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी।

(अजय कुमार सिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 2309 4517

सेवा में,

प्रबंधक,
भारत सरकार मुद्रणालय,
फरीदाबाद, हरियाणा

सं. आई–14011/8/2017–आईपीएस–1(II) नईदिल्ली, दिनांक 13 OCT 2017 अक्टूबर, 2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषितः

1. मुख्य सचिव, त्रिपुरा सरकार, अगरतल्ला {ध्यानार्थः श्री आर पी दत्ता, अवर सचिव} को संबंधित अधिकारियों हेतु 4 अतिरिक्त प्रतियों सहित।
2. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग (ध्यानार्थः श्री मृत्युजंय झा, अवर सचिव, ए.आई.एस), धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
3. महालेखापाल, त्रिपुरा, अगरतल्ला ।
4. पुलिस महानिदेशक, त्रिपुरा, अगरतल्ला ।
5. निदेशक, सरदार बल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद– 500 052.।
6. आई.पी.एस. II, III, IV/ए.सी.आर. सेल/सिविल लिस्ट सीट ।
7. अनुभाग अधिकारी (आई.टी.) प्रकोष्ठ, उपयुक्त अधिसूचना गृह मंत्रालय की (वेबसाइट > आईपीएस कैडर मेनेजमेन्ट > नियुक्ति एसपीएस से आईपीएस > नियुक्ति) में प्रकाशित करने हेतु।

(अजय कुमार सिंह)